दैनिक जागरण 12/02/2026

फिल्में साहित्य को समझने का सबसे सशक्त माध्यम : डा. दत्त

जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान शामिल विद्यार्थी। ● विज्ञप्ति

जासं ● अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में अंग्रेजी विभाग द्वारा दास-प्रथा और नारी संघर्ष पर केंद्रित फिल्म बिलव्ड का प्रदर्शन किया। फिल्म प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अफ्रो-अमेरिकन साहित्य की गहन, संवेदनशील और स्पष्ट समझ प्रदान करना रहा। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस पहल की सराहना करते हुए विभाग को भविष्य में भी ऐसी नवाचारी और विद्यार्थी-केंद्रित गतिविधियां आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि फिल्मों, सेमिनारों और चर्चाओं के माध्यम से अनुभवात्मक अधिगम साहित्य को विद्यार्थियों के लिए अधिक सुलभ और बोधगम्य बनाता है। इस दौरान कार्यक्रम की संयोजक डा. नीना, अंग्रेज़ी विभाग के डा. अमित, डा. कमलेश और डा. ज्योति उपस्थित रहे। कालेज द्वारा सुखपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बराड़ा में "आधुनिक युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस: करियर अवसरों के द्वार खोलना" विषय पर कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया।